
# महामना शिक्षण संस्थान

## (भाऊराव देवरस सेवा न्यास)

''निर्धन मेधावी छात्रों के लिए निःशुल्क पूर्ण आवासीय IIT (JEE) / NEET (PMT) कोचिंग प्रकल्प''



कोऽनुसस्यादुपायोऽत्र येनाहं दुःखितात्मनाम् ।
अन्तःप्रविश्य भूतानां भवेयं दुःखभाक् सदा ।।

वह कौन सा उपाय है, जिसके द्वारा मैं दुःखी जनों के अन्तःकरण में प्रवेश कर उनके दुःखों से दुखी होऊँ – हजारों वर्ष पूर्व एक प्राचीन ऋषि ने यह प्रार्थना की थी, यही मेरी भी प्रार्थना है।

''कामये दुःखतप्तानां प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्''

दुख में पीड़ित प्राणियों के दुःख दूर करने में सहायक हो सकूँ, यही मेरी कामना है।

–पं0 मदन मोहन मालवीय

"मानव मूल्यों एवं मानवता पथ पर अग्रसित, महामना शिक्षण संस्थान निर्धन मेधावी छात्रों को सफलता शिखर तक पहुँचाने के इस पवित्र कार्य में आपके आशीर्वाद और सहयोग की कामना करता है।"

## उद्देश्य

महामना शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और संसाधनों की कमी से जूझ रहे निर्धन मेधावी छात्रों को उनकी प्रतिभानुसार बौद्धिक विकास करके अनुकूल वातावरण देना है, जिससे वे सफलता के शिखर को प्राप्त कर सकें। महामना शिक्षण संस्थान उन विद्यार्थियों को जो **IIT (JEE) / NEET (PMT)** या अन्य राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं, उनको नि:शुल्क संसाधन और उत्तम कोचिंग व्यवस्था उपलब्ध कराना चाहता है। ऐसा प्राय: देखा गया है कि बहुत से निर्धन मेधावी छात्र **IIT (JEE) / NEET (PMT)** की तैयारी करना चाहते हैं परन्तु संसाधनों की कमी एवं धनाभाव के कारण कर नहीं पाते हैं और योग्य होने के बाद भी वह सफलता से वंचित रह जाते हैं एवं उनकी प्रतिभाएं दबी रह जाती हैं। ऐसे निर्धन मेधावी छात्रों को महामना शिक्षण संस्थान ज्ञान और संसाधनों की वो सीढ़ी प्रदान करना चाहता है जिस पर चढ़कर वे अपने सफलता शिखर पर पहुंच सकें। उन मेधावी छात्रों में समाजसेवा व राष्ट्रसेवा जैसी विचारधारा सदैव के लिए स्थापित करना भी महामना शिक्षण संस्थान का उद्देश्य है। इस बात की हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि हमारा यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र और समाज सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## विद्यार्थी चयन प्रक्रिया

1. प्रारम्भिक लिखित परीक्षा।
2. मुख्य लिखित परीक्षा।
3. साक्षात्कार।
4. विद्यार्थियों की पारिवारिक पृष्ठभूमि की जाँच

## प्रकल्प विवरण

• 4 अध्ययन कक्ष • 1 हॉल • 1 योगकक्ष • 40 आवासीय कक्ष • 1 प्रशासनिक कक्ष • 1 भोजनालय • 1 पुस्तकालय • 1 दवाखाना • 1 सभागार • 2 अतिथिकक्ष • कुल क्षेत्रफल–30, 000 वर्ग फिट

## आग्रह

महामना शिक्षण संस्थान उच्च विचार रखने वाले प्रबुद्ध वर्ग से यह अपील करता है कि हमारे इस पुण्यतम कार्य में आप अपना सहयोग प्रदान करें जिससे हमारे देश की निर्धन मेधावी प्रतिभाएं अपना यथार्थ रूप ले सकें। आशा है सेवा के इस पुनीत कार्य में आप सभी अवश्य सहभागी बनेंगे।
निम्न रुप से आप अपना योगदान कर सकते हैं–

**1. कोचिंग क्लास निर्माण हेतु योगदान – रु. 10,00,000/– (दस लाख रुपये)**
(इस राशि को दान कर कक्ष के निर्माण के द्वारा अपने किसी सम्बन्धी की स्मृति को चिर स्थायी बनायें)

**2. विद्यार्थी आवास कक्ष हेतु योगदान – रु. 5,00,000/– (पांच लाख रुपये)**
(इस राशि को दान कर कक्ष के निर्माण के द्वारा अपने किसी सम्बन्धी की स्मृति को चिर स्थायी बनायें)

3. विद्यार्थी प्रकल्प हेतु योगदान – रु.1,00,000/– (एक लाख रुपये)

4. शिक्षण एवं अन्य कार्य हेतु सेवा एवं समय का योगदान

बैंक खाता :

Bank : Syndicate Bank    Branch : Rai Bareilly Road, Lucknow
A/C : 84852010050918    IFSC Code : SYNB0008485
A/C Name : "Mahamana Shikshan Sansthan (Bhaorao Deoras Seva Nyas)"

संस्थान को सेवा कार्यों के लिए दिया गया दान आयकर अधिनियम की धारा 80G(5)(VI) के अन्तर्गत नियमानुसार करमुक्त है। अप्रवासी भारतीय भी दान दे सकते हैं। कृपया अपनी धनराशि चेक, ऑनलाइन व ड्राफ्ट ''महामना शिक्षण संस्थान (भाऊराव देवरस सेवा न्यास)'' के पक्ष में जो कि लखनऊ में देय हो, अपने पैन नं. व पते के साथ भेज सकते हैं।

निम्नलिखित पते पर आप अपनी सहयोग राशि भेज सकते हैं –

महामना शिक्षण संस्थान, भाऊराव देवरस सेवा न्यास, सी–91, निराला नगर, लखनऊ, उ0प्र0–226020
सम्पर्क सूत्र : 0522–4001837, 9731525522 • ईमेल : mahamanashikshansansthan@gmail.com

## न्यास के अन्य संचालित यशस्वी प्रकल्प


- संजयगाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के सामने 378 शैय्या वाले माधव सेवा आश्रम परिसर का संचालन जिसमें रोगी सहायक निवास, रोगी परामर्श केन्द्र एवं योग केन्द्र–साधना केन्द्र जैसे महत्वपूर्ण प्रभाग के साथ ही चिकित्सा हेतु आने वाले रोगियों एवं उनके तीमारदारों के ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था है।
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में 280 शैय्या वाले पावरग्रिड विश्राम सदन, निकट जे.पी. ट्रामा सेन्टर का संचालन। जिसमें चिकित्सा हेतु आने वाले रोगियों एवं उनके तीमारदारों के ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था है।

## संचालन समिति

- श्री ब्रह्मदेव शर्मा 'भाई जी' – मार्गदर्शक
- श्री प्रभु नारायण श्रीवास्तव – संरक्षक
- श्री राम निवास जैन – अध्यक्ष
- श्री रंजीव तिवारी – सचिव
- श्री जितेन्द्र अग्रवाल – कोषाध्यक्ष
- डॉ. निखिल सिंह – सदस्य
- डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल – सदस्य
- श्री सूर्यकान्त त्रिपाठी – सदस्य
- श्री दीपक कुमार – सदस्य
- श्री आदित्य कुमार – सदस्य
- डॉ. विनय गुप्ता – सदस्य
- श्री देव प्रकाश मिश्र – सदस्य
- श्री सी.के.शर्मा – सदस्य
- श्री आशुतोष द्विवेदी – सदस्य
- श्री मुकेश पाण्डेय – सदस्य

# प्रस्तावित भवन






पत्राचार पता

महामना शिक्षण संस्थान, (भाऊराव देवरस सेवा न्यास), सी–91, निराला नगर, लखनऊ, उ0प्र0–226020

सम्पर्क सूत्र : 0522–4001837, 9731525522 • ईमेल : mahamanashikshansansthan@gmail.com

प्रकल्प पता

महामना शिक्षण संस्थान–962, सरसवां, अर्जुनगंज, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0–226002

सम्पर्क सूत्र : 0522–4001837, 9731525522 • ईमेल : mahamanashikshansansthan@gmail.com